# नो-पावरकट राज्य बनेगा पंजाब : केजरीवाल

## केजरीवाल ने रोशन पंजाब परियोजना का शुभारंभ किया

- अब प्रदेश के हर कोने से अंधेरे का खात्मा होगा : भगवंत मान
- मुफ्त बिजली देने का सपना दिल्ली के बाद अब पंजाब में पूरा होगा




**नई दिल्ली/पंजाब, 08 अक्टूबर. पंजाब अगले साल तक नो-पावरकट राज्य बन जाएगा. बुधवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सीएम भगवंत मान के साथ रोशन पंजाब परियोजना का शुभारंभ किया.**

जालंधर में 5 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पावर ट्रांसमिशन और डिस्ट्रिब्यूशन की अत्याधुनिक नेटवर्क का शिलान्यास कर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप सरकार पंजाब में बिजली व्यवस्था दुरुस्त कर रही है. अब पंजाब में भी 24 घंटे बिजली पहुंचने का सपना पूरा होने जा रहा है. पूरे प्रदेश में 25 हजार किलोमीटर की नई केबल बिछाई जाएगी, 8 हजार नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे, 77 नए सब स्टेशंस बनेंगे और 200 सब स्टेशंस ओवर-हॉल किए जाएंगे. इसके बाद पूरा पावर सिस्टम एकदम मॉडर्न होगा, जिसे कंट्रोल रूम से एक बटन पर नियंत्रित किया जाएगा. अगले 1 साल में पूरे पंजाब में 24 घंटे मुफ्त बिजली पहुंचने लगेगी. इससे पहले हमने दिल्ली में 24 घंटे मुफ्त बिजली देकर देश को दिखाया है.

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार के अलावा पूरे देश में कोई भी एक राज्य नहीं है, जिसने अपने नागरिकों को 24 घंटे निर्बाध बिजली देने का सपना भी देखा हो. यहां तक कि यह भी उनकी सोच के परे था कि आम जनता को बिजली मुफ्त भी दी जा सकती है.

**केजरीवाल की दूरदर्शी सोच : भगवंत मान**

इस दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आप नेता अरविंद केजरीवाल की दूरदर्शी सोच ने पारंपरिक राजनीतिक दलों को अपने चुनावी घोषणा पत्र बदलने के लिए मजबूर किया है. उनके प्रयासों से शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली के मुद्दे पार्टियों के राजनीतिक एजेंडे का केंद्र बिंदु बन गए हैं. इससे पहले किसी भी राजनीतिक दल ने इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों को कभी प्राथमिकता नहीं दी थी. उन्होंने कहा कि बिजली अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है.



# आसमान में गरजा भारत का शौर्य

- ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को मिला सम्मान
- 93वें वायुसेना दिवस पर दिखा सैन्य एकता और स्वाभिमान

**नई दिल्ली, 8 अक्टूबर. गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरफोर्स स्टेशन आज गर्व, शौर्य और सैन्य एकता का प्रतीक बन गया जब भारतीय वायुसेना ने अपना 93वां स्थापना दिवस पूरे धूमधाम से मनाया. इस बार का समारोह ऐतिहासिक रहा क्योंकि पहली बार वायुसेना की परेड में थलसेना और नौसेना की टुकड़ियां भी शामिल हुईं, जिसने भारतीय सेना की संयुक्तता और आत्मनिर्भरता का नया संदेश दिया.**

भारतीय वायुसेना ने आज अपने 93वें स्थापना दिवस के मौके पर सिर्फ शक्ति का प्रदर्शन ही नहीं किया, बल्कि वीरों को सम्मानित करके कृतज्ञ राष्ट्र की भावना भी जाहिर की. समारोह में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख, और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह उपस्थित रहे.

उन्होंने परेड की सलामी ली और भारत की वायुशक्ति को आसमान में गूंजता देखा. कार्यक्रम में 97 वायु योद्धाओं को सम्मानित किया गया. ये वे ही यूनिट्स हैं जिन्होंने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को मुँहतोड़ जवाब दिया था.

# स्टारमर से बातचीत के लिए उत्सुक हूं मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री का सोशल मीडिया पर किया स्वागत

**नयी दिल्ली 08 अक्टूबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की पहली आधिकारिक यात्रा पर आये ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा है कि वह अपने ब्रिटिश समकक्ष के साथ बातचीत के लिए उत्सुक हैं. श्री स्टारमर बुधवार सुबह मुंबई पहुंचे. उनके साथ ब्रिटेन का अब तक का सबसे बड़ा व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी आया है.**

मोदी ने कहा कि वह भारत तथा ब्रिटेन के बीच मज़बूत और पारस्परिक रूप से समृद्ध भविष्य के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए गुरूवार को होने वाली अपनी बैठक का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं.



स्टारमर के मुंबई पहुंचने पर श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा , ब्रिटेन के अब तक के सबसे बड़े व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत की अपनी पहली ऐतिहासिक यात्रा पर प्रधानमंत्री कीर स्टारमर का स्वागत है. एक मज़बूत और पारस्परिक रूप से समृद्ध भविष्य के हमारे साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए कल होने वाली हमारी बैठक का बेसब्री से इंतज़ार है. उल्लेखनीय है कि श्री स्टारमर के छत्रपति शिवाजी महाराज मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने गर्मजोशी से स्वागत किया. दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच गुरूवार को व्यापक सामरिक साझेदारी और अन्य विषयों पर बातचीत होगी. स्टारमर के साथ 120 से अधिक कारोबारियों, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और सांस्कृतिक प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी आया है.

### शिवसेना चिन्ह विवाद पर अगली सुनवाई 12 नवंबर को

**नई दिल्ली.** शिवसेना पार्टी के चुनाव चिन्ह विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट अगले महीने सुनवाई करेगा. उद्धव ठाकरे की ओर से दायर याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए 12 नवंबर की तारीख निर्धारित की. शिवसेना-यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भारतीय चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी है, जिसमें एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े को पार्टी का नाम 'शिवसेना' और उसका चुनाव चिन्ह 'धनुष-बाण' आवंटित किया गया था. उद्धव ठाकरे का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव जनवरी 2026 में होने हैं, इसलिए इस मामले पर तत्काल विचार करने की जरूरत है.

# रामविलास को नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

- पीएम मोदी, गृहमंत्री शाह और नितीश ने किया नमन
- वंचितों के मसीहा को देश का सलाम

**नई दिल्ली, 8 अक्टूबर. भारतीय राजनीति के एक मजबूत स्तंभ, सामाजिक न्याय के प्रतीक और लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक रामविलास पासवान की आज पांचवीं पुण्यतिथि है. इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.**



प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें जनसेवा के प्रति समर्पित नेता बताते हुए कहा कि उनका योगदान राष्ट्र निर्माण में सदैव याद किया जाएगा. अमित शाह ने पासवान के सहृदय व्यक्तित्व और वंचितों के लिए जीवन भर संघर्ष को याद किया, वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें सामाजिक न्याय के लिए समर्पित बताया. रामविलास पासवान, जिन्होंने छात्र जीवन से ही समाज के पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया, आज भी देश की राजनीति में प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं. सामाजिक न्याय के योद्धा को नेताओं का नमन—रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर उमड़ा श्रद्धांजलियों का सैलाब आज देश ने उस नेता को याद किया जिसने जीवनभर वंचितों, शोषितों और पिछड़ों की आवाज को बुलंद किया. पूर्व केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक रामविलास पासवान की पांचवीं पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, सामाजिक न्याय के प्रतीक और जनसेवा के प्रति समर्पित बिहार के लोकप्रिय नेता रामविलास पासवान को उनकी पुण्यतिथि पर मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि.

### सिंगर जुबीन गर्ग मौत केस में चचेरा भाई गिरफ्तार

**गुवाहाटी.** जुबिन गर्ग की मौत के मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है. गुवाहाटी से उनके चचेरे भाई, असम के डीएसपी संदीपन गर्ग को गिरफ्तार किया गया है. 19 सितंबर को सिंगापुर में जुबिन गर्ग की कथित तौर पर स्कूबा डाइविंग करते समय जान चली गई थी, जिसके बाद उनके परिवार और फैंस ने शक जाहिर किया था कि उनकी हत्या की गई है. इसके बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आश्वासन दिया था कि इस मामले की बारीकी से छानबीन की जाएगी. अब सिंगर की मौत से जुड़े केस में वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि डीएसपी पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.

## एक नजर में



### भूपेंद्र यादव से मिलकर धामी ने मांगा समर्थन

**नयी दिल्ली/देहरादून.** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से बुधवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजधानी दिल्ली में भेंट कर राज्य में सात जल विद्युत परियोजनाओं (कुल क्षमता 647 मेगावाट) के विकास एवं निर्माण की स्वीकृति के लिए समर्थन मांगा. उन्होंने कहा कि राज्य गंगा और उसकी सहायक नदियों की निर्मलता, अविरलता तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध है. धामी ने कहा कि खेलों से युवाओं को रोजगारपरक अवसर उपलब्ध कराने के लिए हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया है. इसके लिए गौलापार क्षेत्र में लगभग 12.317 हेक्टेयर वन भूमि हस्तान्तरित करने का प्रस्ताव वन विभाग को भेजा गया है. उन्होंने केंद्रीय मंत्री से संबंधित अधिकारियों को इस भूमि स्थानांतरण को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश देने का अनुरोध किया. इस पर, श्री यादव ने सैद्धांतिक सहमति देते हुए हर सम्भव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया. इस दौरान, सचिव, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तन्मय कुमार, उत्तराखण्ड के प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा मौजूद रहे.

### इक्वाडोर में राष्ट्रपति पर हमले का प्रयास, शिकायत दर्ज

**क्विटो.** इक्वाडोर में मंगलवार को दक्षिणी कैनर प्रांत में राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ पर हुये हमले के मामले में आपराधिक शिकायत दर्ज करायी गयी है. पर्यावरण एवं ऊर्जा मंत्री इनेस मंजानो ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि नोबोआ के काफिले पर मंगलवार को एल टैम्बो शहर में उस समय हमला हुआ जब वे सार्वजनिक कार्यों के उद्घाटन के लिए एक स्थानीय स्टेडियम जा रहे थे.

# सीबीआई ने डिजिटल गिरफ्तारी मामले में चलाया तलाशी अभियान

**नयी दिल्ली, 08 अक्टूबर. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने डिजिटल गिरफ्तारी से जुड़े मामलों की जांच में बुधवार को ऑपरेशन चक्र-5 के तहत एक अंतरराष्ट्रीय साइबर-सक्षम डिजिटल गिरफ्तारी धोखाधड़ी के सिलसिले में दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, केरल और पश्चिम बंगाल सहित लगभग 40 स्थानों पर समन्वित और देशव्यापी तलाशी अभियान चलाया.**

सीबीआई ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर प्राप्त नौ विभिन्न पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर एक विस्तृत प्राथमिकी दर्ज की थी. इसके बाद, सीबीआई ने धोखाधड़ी करने के लिए इस्तेमाल किए गए म्यूल खातों और दूरसंचार माध्यमों पर ध्यान केंद्रित करते हुए गहन जांच की. इस जांच से लगभग 40 ऐसे व्यक्तियों की पहचान हुई जो डिजिटल गिरफ्तारी धोखाधड़ी को अंजाम देने वाले संगठित साइबर-अपराध नेटवर्क का हिस्सा थे. ऑपरेशन के दौरान सीबीआई ने एक बड़े घरेलू सुविधा नेटवर्क का पता लगाया, जो अपराध की आय को छुपाने और उसे एक से दूसरे स्थान पर भेजने के लिए म्यूल बैंक खाते उपलब्ध कराने और हवाला चैनलों का उपयोग करने में शामिल था. जांच से पता चला है कि पैसे का एक हिस्सा भारत में निकाला गया था, जबकि बाकी को विदेश भेज दिया गया था, जहाँ से इसे विदेशी एटीएम से निकाला गया.

### पुलिस नकली घी और गिरोह का किया भंडाफोड़

**नयी दिल्ली.** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने त्योहारी सीजन से पहले दो बड़ी कार्रवाईयों में नकली देसी घी और मिलावटी लुब्रिकेंट (इंजन ऑयल) बनाने वाले गिरोहों का पर्दाफाश किया है. अपराध शाखा के संयुक्त आयुक्त ने बुधवार को बताया कि इन दो अलग-अलग अभियानों में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और भारी मात्रा में नकली सामान जब्त किया गया, जिसकी कुल कीमत लाखों में है. अपराध शाखा की उत्तरी क्षेत्र-1 ने बुद्ध विहार, रोहिणी इलाके में छापेमारी कर मिलावटी देसी घी बनाने वाली एक अवैध फैक्ट्री का पर्दाफाश किया. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए राकेश गर्ग और मुकेश नामक दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे वनस्पति घी और रिफाइंड तेल को मिलाकर नकली घी बनाते थे. इस मिश्रण में खुशबू और रंग जैसे रसायनों का इस्तेमाल कर इसे असली जैसा बनाया जाता था.

### आज का इतिहास

- 1876 : पहली बार टेलीफ़ोन पर आउट वायर के जरिए दो तरफा बातचीत हुई थी.
- 1947 : चलती हुई कार और प्लेन में बैठे दो लोगों ने बातचीत की थी.
- 1959 : ऑटोरिक्शा और प्लेन में चलते हुए लोगों ने बात की.
- 1962 : अफ्रीकी देश युगांडा गणतंत्र बना.
- 1967 : अर्जेंटीना के प्रसिद्ध मार्क्सवादी क्रांतिकारी चे ग्वेरा की हत्या.
- 1997 : इटली के अभिनेता और लेखक डारियो फो को साहित्य का नोबल पुरस्कार दिया गया.

# बिहार चुनाव में आरजेडी-कांग्रेस में तकरार

## तेजस्वी को डर- कांग्रेस को ज्यादा सीटें दीं तो डूबेगी नैया?

**पटना, 8 अक्टूबर.बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले राज्य की सियासत गरमा गई है. एक ओर जहां राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर तनातनी खुलकर सामने आ रही है, वहीं दूसरी ओर एनडीए खेमे में अंदरूनी चर्चाओं के बावजूद एकजुटता का संदेश देने की कोशिश हो रही है.**

महागठबंधन में तेजस्वी यादव खुद को मुख्यमंत्री पद के दावेदार के तौर पर पेश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस अब भी इस बात से असहज नजर आ रही है. ओपिनियन पोल के अनुसार, कांग्रेस को अधिक सीटें देने से आरजेडी को नुकसान हो सकता है.

इसी डर से तेजस्वी अधिकतर सीटों पर खुद चुनाव लड़ना चाहते हैं. दूसरी तरफ, एनडीए में जीतनराम मांझी और चिराग पासवान जैसी छोटी पार्टियों की सीट मांग के बावजूद बातचीत सुलझती दिख रही है. ऐसे में बड़ा सवाल ये है—कौन जीतेगा बिहार की सियासी जंग?

बिहार की राजनीति एक बार फिर अपने चिर-परिचित मोड़ पर आ खड़ी हुई है.

> विधानसभा चुनाव 2025 की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है और सीट शेयरिंग को लेकर सियासी दलों में जोड़-तोड़ का दौर चरम पर है. महागठबंधन में प्रमुख दल राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के बीच गहराता टकराव आने वाले दिनों में बड़ा रूप ले सकता है. सूत्रों के मुताबिक, तेजस्वी यादव कांग्रेस को 50 से कम सीटें देने के पक्ष में हैं, जबकि कांग्रेस 70 से अधिक सीटों की मांग पर अड़ी हुई है.

# शिल्पा शेट्टी अब नहीं जा सकेंगी विदेश

## 60 करोड़ जमा करो, फिर बात होगी, कोर्ट की शिल्पा को फटकार

**मुंबई, 8 अक्टूबर.एक तरफ बॉलीवुड की चमक-धमक, दूसरी तरफ कोर्ट की सख्ती—शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के लिए यह वक्त किसी रियलिटी शो से कम नहीं. 60 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में उलझी यह स्टार जोड़ी फिलहाल देश की सीमाओं को पार नहीं कर सकती, और बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस पर दो टूक फैसला सुनाया है.**



बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी को एक बार फिर कोर्ट से बड़ा झटका लगा है. 60.48 करोड़ की कथित धोखाधड़ी के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने उन्हें कोलंबो जाने की इजाजत देने से इनकार कर दिया है.

> कोर्ट ने साफ कहा पहले 60 करोड़ रुपये जमा कीजिए, फिर इस पर विचार करेंगे. शिल्पा शेट्टी के वकील ने दलील दी कि उन्हें 25 से 29 अक्टूबर के बीच यूट्यूब इवेंट में हिस्सा लेने कोलंबो जाना है. इस पर कोर्ट ने पूछा, क्या आपके पास कोई लिखित इनविटेशन है? वकील का जवाब था— अब तक सिर्फ फोन पर बात हुई है, लिखित इनविटेशन अनुमति मिलने के बाद ही मिलेगा.

### पटाखा इकाई में विस्फोट में छह श्रमिकों की मौत

**अमलापुरम.** कोनसीमा जिले में बुधवार को एक पटाखा इकाई में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम छह श्रमिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए, जिनमें से ज्यादातर की हालत गंभीर है. पुलिस ने बताया कि रायवरम मंडल के कोमारीपालेम गांव में लक्ष्मी गणपति ग्रांट पटाखा इकाई में विस्फोट के समय 40 से ज्यादा श्रमिक काम कर रहे थे. इस कारखाने में विस्फोटक पदार्थों सहित पटाखे बनाने की सामग्री का बड़ा भंडार मौजूद था. पुलिस ने बताया कि घायलों की सही संख्या का पता नहीं चल सका है. उन्होंने बताया कि विस्फोट में पटाखा इकाई पूरी तरह नष्ट हो गई. कुछ घायलों को अनापर्थी के सरकारी अस्पताल में और अन्य को अमलापुरम के कुछ निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. जिलाधिकारी महेश कुमार ने बताया कि एक सप्ताह पहले संबंधित अधिकारियों ने पटाखा इकाई का निरीक्षण किया था और एक रिपोर्ट सौंपी थी.

# ऑस्ट्रेलिया पहुंचे राजनाथ सिंह

## रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाई देने की तैयारी

**सिडनी/नई दिल्ली, 8 अक्टूबर. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के उद्देश्य से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर बुधवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे. यह यात्रा ऑस्ट्रेलियाई उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के निमंत्रण पर हो रही है.**



सिडनी एयरपोर्ट पर राजनाथ सिंह का स्वागत भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले और वरिष्ठ ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने किया. यह यात्रा न केवल इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिहाज़ से महत्वपूर्ण है, यह भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के पांच वर्ष पूरे होने के अवसर पर हो रही है. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बढ़ते रणनीतिक और रक्षा संबंधों के मद्देनजर यह यात्रा बेहद अहम मानी जा रही है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 9 और 10 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे,

**सौगात** | गडकरी का बड़ा ऐलान- अब डीजल की छुट्टी, किसान बनाएंगे देश का बायोफ्यूल

# देश का पहला ई-ट्रक बैटरी स्वैप स्टेशन शुरू

**गन्नौर (हरियाणा), 8 अक्टूबर. भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को लेकर एक ऐतिहासिक पहल करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हरियाणा के गन्नौर में देश के पहले वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक ट्रक बैटरी स्वैपिंग और चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया.**




उन्होंने इस अवसर पर भारत के वैकल्पिक ईंधन मिशन को रेखांकित करते हुए किसानों को अन्नदाता से आगे बढ़ाकर ईंधनदाता बनने का संदेश दिया. गडकरी ने बताया कि पराली जैसे कृषि अवशेषों से अब बायोफ्यूल बनाया जा रहा है, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और प्रदूषण में भी भारी कमी आएगी. कार्यक्रम में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी भी मौजूद रहे. गडकरी ने यह भी कहा कि ईवी ट्रांसपोर्ट अब रेलवे से भी सस्ता हो सकता है.

> उद्घाटन समारोह में नितिन गडकरी ने कहा कि अब समय आ गया है जब भारत डीजल आधारित ट्रांसपोर्टेशन से छुटकारा पाए और वैकल्पिक ईंधन को अपनाए. उन्होंने कहा, किसान अब सिर्फ अन्नदाता नहीं, बल्कि ईंधनदाता भी बनेगा. उन्होंने किसानों से अपील की कि पराली जलाने की बजाय उसका उपयोग बायोफ्यूल निर्माण में करें, जिससे न केवल उनकी आय बढ़ेगी बल्कि पर्यावरण भी संरक्षित रहेगा.

### वियतनाम में तूफ़ान मैटमो से आठ लोगों की मौत

**हनोई.** वियतनाम में तूफ़ान मैटमो के कारण हुई भारी बारिश और बाढ़ से आठ लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य घायल हो गये हैं. वियतनाम आपदा और डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने बुधवार को यह जानकारी दी. भारी बारिश के कारण 15 हजार 700 से अधिक घर जलमग्न हो गये और 400 से अधिक अन्य क्षतिग्रस्त हो गये, जबकि 14 हजार 600 हेक्टेयर से अधिक धान और अन्य फसलें जलमग्न हो गयीं. इसके अलावा 97 हजार से अधिक पशुधन और मुर्गे मारे गये या बह गये, जबकि उत्तरी पर्वतीय और उत्तर-मध्य प्रांतों में 602 स्थानों पर बाढ़, भूस्खलन और यातायात बाधित हुआ. रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने एक तत्काल निर्देश जारी कर अचानक बाढ़ और भूस्खलन को रोकने और प्रभावित क्षेत्रों में निवासियों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गहन प्रयास करने का आह्वान किया.

**नाम सुधार सूचना**

मै राजेश प्रसाद साकेत पिता श्री रामसुधार साकेत उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम पोस्ट पगार खुर्द तह.बिरसिंहपुर जिला सतना म.प्र. का होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम राजेश प्रसाद चर्मकार व जन्मतिथि 12.07.1985 माता का नाम श्रीमती लीलादेवी पिता का नाम रामसुधार चर्मकार दर्ज हो गया है जोकि गलत है जबकि सही नाम राजेश प्रसाद साकेत जन्मतिथि 12.01.1985, माता का नाम सिरवतिया साकेत, पिता का नाम राम सुधार साकेत है जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है अत: मुझे मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम के आधार पर जाना पहचाना एवं सम्बोधित किया जाए व मेरे शैक्षिकि दस्तावेजों में दर्ज किया जाय.